कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर छत्तीसगढ़

पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग प्रथम तल कक्ष क–25

Phone no.07752-424204 E-mail-newdeobilaspur07@gmail.com

क्रमांक/ 3054/मान्यता अनु./2025–26 बिलासपुर,दिनांक 13.03.2026

प्रति,

1.प्राचार्य,ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल व्यापार विहार बिलासपुर

2 प्राचार्य,ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल मिशन हास्पिटल रोड बिलासपुर
जिला बिलासपुर(छ.ग.)

विषय :– कारण बताओ सूचना।

संदर्भ :– कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिल्हा बिलासपुर का पत्र क/5417/2025–26 बिल्हा दिनांक 13.03.2025।

––000––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि संदर्भित पत्र के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि आपके विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 5वीं एवं 8वीं के छात्रों को केन्द्रीयकृत बोर्ड परीक्षा मे शामिल नही कराया जा रहा है। विद्यालय की मान्यता सी.बी.एस.ई. ना होकर सी.जी.बी.एस.ई. हैं। परंतु आपके संस्था द्वारा पालको को दिग्भ्रमित कर सी.बी.एस.ई. का शुल्क लेकर अध्ययन कराया गया। चूंकि 5वीं एवं 8वीं की परीक्षा दिनांक 16.03.2026 से 06.04.2026 तक संचालित है। परंतु आपके संस्था द्वारा किए गए लापरवाही एवं गैरजिम्मेदारा रवैया के कारण उक्त कक्षा के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किए जाने संबंधी कृत्य किया गया है। इस हेतु आपकी संस्था के विद्यार्थी उक्त परीक्षा में शामिल नही हो रहे है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा मनमर्जी से स्थानीय बोर्ड प्रबंधन में शामिल नही होना , शासन द्वारा दिए गए मान्यता के शर्तो का उल्लंघन है एव विद्यालय प्रबंधन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित शैक्षणिक व्यवस्था का पालन नही करते हुए स्वेच्छाचारिता कर रहा है तथा विद्यालय प्रबंधन विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से बिना समन्वय स्थापित करते हुए स्वेछाचारिता कर रहा है। जो छ.ग. राज्य शासन द्वारा जारी शैक्षणिक निर्देशों एवं शिक्षा के अधिकार अधिनियम के नियमों का घोर उल्लंघन है।

उक्त संबंध में आप अपना स्पष्टीकरण 2 दिवस के भीतर जिला कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। आपका स्पष्टीकरण संतोषप्रद नही होने की स्थिति में आपकी संस्था के विरूद्ध मान्यता समाप्त करने संबंधी कार्यवाही किया जावेगा।

संलग्न–विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिल्हा से प्राप्त पत्र की छायाप्रति संलग्न।

जिला शिक्षा अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक/ 3055/मान्यता अनु./2025–26 बिलासपुर,दिनांक 13.03.2026

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, छ.ग.मा.शि.मं. रायपुर,छ.ग. की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. सचालक, लोक शिक्षण संचालनालय इंद्रावती भवन नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. कलेक्टर बिलासपुर, छत्तीसगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
4. संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर, छत्तीसगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
5. संभागीय अधिकारी, छ.ग.मा.शि.मं. बिलासपुर को सूचनार्थ।
6. विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिल्हा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

जिला शिक्षा अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner